# मेरा जीवन तेरे हवाले

मेरा जीवन तेरे हवाले,
दर दर ठोकर खा के आया,
अब तो गले से लगा ले,
मेरा जीवन तेरे हवाले,

दीना नाथ दया के सागर दीनो के हितकारी,
हार गया हु नीले वाले सावल शाह गिरधारी,
सुन लो मेरी श्याम पिया रे पैरो पे पड़ गये शाले,
मेरा जीवन तेरे हवाले,

घूम लिया हु ये जग सारा कोई नजर न आये,
मुझे भरोसा है अब तेरा तू ही मुझको निभाये,
कोई नहीं है जग में मेरा तू ही मुझको सम्बाले,
मेरा जीवन तेरे हवाले,

रिश्ता सब से तोड़ दिया है,तोड़ी सब से यारी,
तुम्हारे हाथो में है अब तो प्रभु जी लाज हमारी,
लाज बचा लो खाटू वाले एहलवती के लाले,
मेरा जीवन तेरे हवाले,

तेरा रविंदर भटक रहा है किस के दर पे जाये,
अपनी बीती हुई कहानी किसको जा के सुनाये,
सुनता न कोई मेरी कहानी अब तो तू ही निभा ले,
मेरा जीवन तेरे हवाले,

https://www.bhajanganga.com/bhajan/lyrics/id/11072/title/mera-jeewan-tere-hwaale-dar-dar-thokar-kha-ke-aaya

अपने Android मोबाइल पर BhajanGanga App डाउनलोड करें और भजनों का आनंद ले |